हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 12 जनवरी 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान

अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 16 डिग्री

13 चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने वाले भाजपा बूथ अध्यक्ष हुए...



14 सड़कों पर उड़ती धूल व चिमनियों के निकलते राखड़ से लोग...



## खबर संक्षेप

### जिले में शुष्क दिवस घोषित

**धमतरी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी, गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी और महात्मा गांधी निर्वाण दिवस पर 30 जनवरी को धमतरी जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। उन्होंने उक्त दिवसों में धमतरी जिले की सभी देशी मदिरा दुकान, विदेशी मदिरा दुकान, कम्पोजिट मदिरा दुकान, प्रीमियम शॉप, एफएल 3 बार, एफएल 4 क एवं भण्डारण भाण्डागार को बंद रखने के लिये शुष्क दिवस घोषित किया है।

### कोकड़ी में आज मड़ई

**सिर्री।** ग्राम कोकड़ी (नारी) में ग्रामीणों के सहयोग से 12 जनवरी शुक्रवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए छेरिया भरदा बालोद का छत्तीसगढ़ी नाचा रखा गया है। यह जानकारी धनेश ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि, देवलाल साहू, गिरवर साहू, एस कुमार साहू, कौशल साहू, रिखीराम साहू, मालचंद, विद्याचरण, नरेश साहू ने दी है।

### खिसोरा में मड़ई मेला आज

**मगरलोड।** फसल कटाई के बाद अंचल के ग्रामों में देवी-देवताओं के प्रति अपनी आस्था प्रकट करने के लिए मड़ई मेला का आयोजन हो रहा है। इसी क्रम में में ग्राम खिसोरा में ग्रामवासियों के सहयोग से 12 जनवरी शुक्रवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। इन दिन ग्राम के समस्त देवी देवताओं की विशेष पूजा की जायेगी। ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में अमर ज्योति छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी कुल्हारदो मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी जितेंद्र साहू ने दी है।

### दरगहन में मड़ई 14 को

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पंचायत दरगहन में 14 जनवरी रविवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए झन भूलो मां बाप ला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मोखा का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी ग्राम पटेल सियाराम साहू, गोवर्धन ध्रुव, अमरसिंह पटेल, सुदर्शन साहू और यादव समाज के मीडिया प्रभारी चुनेश्वर यादव ने दी है।

### शुक्लाभाठा में मड़ई 18 को

**मगरलोड।** ग्राम शुक्लाभाठा में ग्रामवासियों के सहयोग से 18 जनवरी गुरुवार को मड़ई मेला का आयोजन किया जा रहा है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए संगी जहुरिया बिलईडबरी जिला बलौदाबाजार का छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम रखा गया है।

### मगरलोड में मड़ई 29 को

**मगरलोड।** नगर पंचायत मगरलोड में 29 जनवरी सोमवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए अमर ज्योति छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी कुल्हारदो मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी यादराम गायकवाड़ उपाध्यक्ष महाव्यापारी संघ व बीरेन्द्र साहू कृषि समिति मगरलोड ने दी है।

### धान खरीदी की तिथि को बढ़ाने की मांग

**धमतरी।** आमदी सोसाइटी अन्तर्गत उपकेन्द्र पोटियाडीह में 1432 किसानों का पंजीयन हुआ है जिसमें 175 किसानों की धान खरीदी बाकी है। पोटियाडीह धान खरीदी उपकेन्द्र में 19339 क्विंटल धान खरीदी शेष है। विदित हो कि शासन द्वारा 1 नवम्बर से धान खरीदी प्रारंभ की गई है। बीच में विधानसभा चुनाव एवं मौसम खराब के कारण धान खरीदी बंद रही। इस कारण किसानों का धान नहीं बिक पाया। राजकुमार तिवारी ने शासन से धान खरीदी की अवधि को फरवरी तक बढ़ाने की मांग की है।

भूमि संरक्षण विभाग का हाल, नरवा प्रोजेक्ट में भी नहीं मिला काम

# काम ही नहीं, सालों से खाली बैठे भूमि संरक्षण विभाग के कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पिछले पांच साल से भूमि संरक्षण विभाग को एक भी चेकडैम का काम नहीं दिया गया है। स्थिति यह है कि यहां के कर्मचारियों के पास कुछ भी काम नहीं है। इससे पहले भी सालों तक विभाग को काम नहीं दिया गया था।

कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार की फ्लैगशिप योजना में नालों का उत्थान शामिल था। नरवा, गरवा, घुरवा, बारी योजना के तहत तीन क्षेत्र में तो बेहतर काम हुआ लेकिन नरवा यानी नालों को डेवलप नहीं किया जा सका। इसका जीता-जागता सबूत भूमि संरक्षण विभाग है। इस विभाग द्वारा नालों में छोटे-छोटे चेकडैम बनाए जाते हैं, जिससे किसानों को सिंचाई सुविधा दी जाती है। जिला निर्माण के बाद से इस विभाग द्वारा कई चेकडैम बनाए गए लेकिन पिछले पांच साल से इस विभाग को एक भी चेकडैम का काम नहीं दिया गया है।



### विभाग को नहीं मिला एक भी चेक डैम का काम

वर्ष 2016-17 से विभाग के पास ज्यादा काम नहीं है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2016-17 में विभाग के सर्वेयरों ने विभिन्न जगहों पर चेकडैम बनाने के लिए सर्वे किया था। डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) बनाकर जमा भी कर दिया था। इसके बाद जिले में 60 स्थानों पर चेकडैम की स्वीकृति दी गई। इन कार्यों को बाद में सिंचाई और आरईएस में बांट दिया गया। भूमि संरक्षण विभाग को एक भी डैम नहीं दिया गया। वर्ष 2017-18 में भी 26 चेकडैम का प्रोजेक्ट भेजा गया था। इसके लिए जिओ ट्रेकिंग भी की गई थी। बाद में मात्र 2 चेकडैम की स्वीकृति दी गई थी। वर्ष 2018-19 में 7 चेकडैम की मंजूरी मिली थी। इसके बाद विभाग को एक भी चेकडैम का काम नहीं दिया गया।

यहां पर 10 तकनीशियन, सर्वेयर सहित 15 कर्मचारियों का स्टाफ है।

### भेजे गए हैं 25 प्रोजेक्ट

भूमि संरक्षण विभाग द्वारा काफी सस्ते में चेकडैम का निर्माण किया जाता है। इस विभाग द्वारा अधिकतम 15 लाख रुपए तक का चेकडैम बनाया जाता है। जबकि अन्य विभागों द्वारा 40-50 लाख रुपए तक का चेकडैम बनाया जाता है। कम लागत में चेकडैम बनाने के बाद भी इस विभाग को काम नहीं दिया जा रहा है। इस साल भी विभाग द्वारा 25 चेकडैम का प्रोजेक्ट भेजा गया है। अब तक इसमें से एक भी चेकडैम की स्वीकृति नहीं मिली है।

कुछ काम नहीं होने के कारण ये कर्मचारी खाली बैठे हुए हैं। ऐसे में इन कर्मचारियों को दिए जाने वाला लाखों रूपए का वेतन हर माह व्यर्थ जा रहा है। यही नहीं खाली बैठे-बैठे यहां के कर्मचारी भी उब चुके हैं। इस वित्तीय वर्ष में भी 25 डेम के निर्माण के लिए प्रोजेक्ट भेजा गया है लेकिन अब तक इसमें से एक भी चेकडैम की स्वीकृत नहीं मिली है।

# रिश्वतखोर पटवारी को तीन साल की सजा


हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

किसान को उसकी जमीन का नक्शा-खसरा बनाकर देने के एवज में 5 हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़े गए पटवारी को विशेष न्यायाधीश ने 3 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

न्यायलयीन सूत्रों के अनुसार गणेशराम साहू 28 वर्ष निवासी ग्राम परसट्ठी थाना मगरलोड ने 25 जुलाई 2018 को एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर में लिखित शिकायत की थी। शिकायत में बताया था कि ग्राम नहरडीह में उनकी मां व बहनों के नाम से 0.52 हेक्टेयर कृषि भूमि है। सभी की सहमति से 50 डिसमिल भूमि को बेचने के लिए नक्शा-खसरा लेने करेली बड़ी हल्का नंबर 10 में पदस्थ हीरालाल ढीढी के पास गया था। यहां पटवारी हीरालाल ने नक्शा-खसरा देने के बदले 5 हजार रूपए रिश्वत की मांग की। रिश्वत नहीं देने पर तहसीलदार से आदेश होने पर ही नक्शा-खसरा देने की बात कही। तब गणेश ने अपनी ऋण पुस्तिका को पटवारी के पास छोड़ते हुए रकम की व्यवस्था होने पर आने की बात कही।

गणेश उक्त पटवारी को रिश्वत नहीं देना चाहता था। उसने एसीबी में शिकायत की । आवेदन की जांच का जिम्मा डीएसपी शोएब अहमद खान को दिया गया। डीएसपी ने रिश्वत संबंधी बातचीत को रिकार्ड करने के लिए गणेश को वाइस रिकार्डर दिया। 18 अगस्त 2018 को गणेश ने पटवारी हीरालाल के आफिस में जाकर रिश्वत संबंधी बातचीत को रिकार्ड किया। पटवारी 5 हजार रूपए की रिश्वत लेने तैयार हुआ था। इसकी जानकारी डीएसपी को फोन के माध्यम से दी गई। डीएसपी द्वारा रिश्वत में दिए जाने वाले पैसों की व्यवस्था करने के लिए कहा गया। 18 सितंबर को गणेश ने डीएसपी को रकम की व्यवस्था हो जाने की सूचना दी। तब गणेश को रिश्वत में दिए जाने की रकम 5 हजार व वाइस रिकार्डर के साथ एसीबी कार्यालय बुलाया गया। इस जानकारी से एसीबी पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया। एसपी के निर्देशानुसार ट्रेप की योजना बनाकर ट्रेप दल गठित किया गया। रायपुर कलेक्टर को पत्र लिखकर दो पंच साक्षी बुलाया गया। 18 सितंबर को एसीबी कार्यालय में पंच साक्षी को शिकायत आवेदन का अवलोकन व रिकार्डर को चालू कर सुनाया गया। रिकार्डर का सीडी तैयार कराया गया। वहीं शिकायत पत्र के अवलोकन पश्चात पटवारी हीरालाल ढीढी के खिलाफ प्रथम दृष्टया धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध पाए जाने पर बिना नंबरी जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### विशेष न्यायाधीश ने सुनाया फैसला



पटवारी को रंगेहाथ गिरफ्तार करने गणेश को 500-500 का दस नोट का नंबर नोट कर दिया गया। गणेश द्वारा पटवारी हीरालाल को उसी दर्ज नंबर के नोट को रिश्वत के तौर पर दिया गया। जिसे ट्रेप दल ने रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। एसीबी द्वारा प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया। विशेष न्यायाधीश केएल चरयाणी ने प्रस्तुत किए गए साक्ष्यों को देखने व गवाहों को सुनने के बाद अभियुक्त पटवारी हीरालाल ढीढी पर दोषसिद्ध होना पाया। न्यायाधीश ने अभियुक्त पटवारी हीरालाल ढीढी पिता क्रांति कुमार 45 वर्ष हल्का नंबर 10 करेली बड़ी रानिमं मगरलोड स्थायी पता ग्राम भठेली भखारा थाना भाखारा निवासी को रिश्वत के मामले में 3 साल का कठोर कारावास व 10 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा नहीं करने पर उसे 6 माह का साधारण कारावास भुगतान होगा। राज्य की ओर से मोहित देवांगन लोक अभियोजक रहे।

# मड़ई में चाकूबाजी, युवक घायल

■ पीपरछेड़ी की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गांव में आयोजित मड़ई कार्यक्रम के दौरान मोटर साइकिलों को रोकने से मना करने पर कुछ युवकों ने मिलकर एक युवक पर बटंची चाकू से हमलाकर घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी वहां से भाग गए।

इन दिनों गांवों में मड़ई कार्यक्रम का सिलसिला जारी है। बीते मंगलवार को अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम पीपरछेड़ी-गागरा में भी मड़ई का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। गांव में दिनभर लोगों की आवाजाही हो रही थी। शाम होने तक मड़ई स्थल पर लोगों की भीड़ लगी रही। आसपास के गांवों के लोग भी बड़ी संख्या में मड़ई घूमने पहुंच रहे थे।




गांव का डोगेश्वर साहू पिता घनश्याम अपने परिवार के साथ मड़ई का आनंद ले रहा था। इसी दौरान बाजार चौक आंगनबाड़ी के पास मुख्य मार्ग पर ग्राम गागरा के संजू साहू व उसका भाई डिग्गू साहू अपने दोस्त के साथ सड़क पर आने जाने वाली मोटर साइकिलों को रोक रहा था। यह देख डोमेश्वर ने युवक को लोगों को रोकने से मना किया। इतने में युवकों ने अश्लील गालियां देते हुए डोमेश्वर से मारपीट करना शुरु कर दिया। संजू साहू ने अपने पास रखे धारदार चाकू से डोमेश्वर की गर्दन की दाहिनी तरफ हमला कर उसे घायल कर दिया। जान से मार देने की धमकी दी। बीच बचाव करने गए गांव के गिरधर साहू के साथ भी गाली-गलौज कर मारपीट की। घायल युवक ने रात्रि में ही अर्जुनी थाना पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने आरोपी संजू साहू, डिग्गू साहू व उसके दोस्त के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है। घटना के 24 घंटे से अधिक बीत जाने के बाद भी आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

योजना का मुख्य उद्देश्य बेरोजगारी को दूर करना : आयुक्त

# फुटपाथी व्यवसायियों को लोन दिलाने नगर निगम कार्यालय में लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत नगर निगम कार्यालय में गुरूवार को शिविर लगाकर 10 से 50 हजार तक का लोन उपलब्ध कराने फुटपाथी व्यवसायियों को जानकारी दी गई। साथ ही व्यवसायियों को लोन देने की प्रक्रिया भी की जा रही है। यह शिविर दो सप्ताह के लिए आयोजित है।

शिविर में मौजूद राष्ट्रीय आजीविका मिशन के प्रबंधक विमल कुमार ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत फुटपाथी व्यवसायियों को 10 से 50 हजार रूपये तक लोन देने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि लोन के लिए आवेदन के साथ दस्तावेज के रूप में आधार कार्ड, बैंक पासबुक, दुकान की फोटो, पैन कार्ड, पासपोर्ट साइज की फोटो आवश्यक है। आवेदन ऑनलाइन होगा। आनलाइन होने के बाद बाकी की प्रक्रिया के लिए संबंधित बैंक शाखा में भेजा जाएगा। इसके बाद पात्र हितग्राहियों को बैंकों की ओर से लोन दिया जाएगा।



आयुक्त विनय कुमार पोयाम ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना का उद्देश्य बेरोजगारी दूर करना है। फुटपाथी व्यवसायियों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाकर आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि समाज के आर्थिक रूप में कमजोर लोगों को आत्मनिर्भर बनाने यह योजना बेहद कारगर है।

# शासन की योजनाओं को कमारों तक पहुंचाने कलेक्टर ने दुगली में लगाई चौपाल

■ समाज को संगठित कर शासन की योजनाओं का उठायें लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शासन की योजनाओं से विशेष पिछड़ी जनजाति कमार को लाभान्वित करने के उद्देश्य से कलेक्टर नम्रता गांधी ने नगरी विकासखण्ड के ग्राम दुगली में चौपाल लगाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप सरकारी योजनाओं को आप लोगों तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन आपके गांव आया है। समाज के लोग इन योजनाओं का लाभ उठाये। इससे पहले कमार समाज प्रमुखों ने कलेक्टर का पारम्परिक स्वागत किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत रवि साहू, एसडीएम नगरी श्रीमती गीता रायस्त, कुरूद सोनाल डेविड, एसडीएम धमतरी डॉ.विभोर अग्रवाल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास डॉ रेशमा खान, सीईओ जनपद पंचायत नगरी आईएन पटेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती जगरानी एक्का के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



इस अवसर पर कलेक्टर नम्रता गांधी ने कमार समाज के प्रमुखों से कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा विशेष पिछडी जनजाति के लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना की शुरुआत की गई है, जिसमे मुख्यतः 13 विभाग की योजनाओं को शामिल किया ▶▶ शेष पेज 13 पर

### कमार जनजाति वर्ग के पदाधिकारियों के साथ किया भोजन

कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी आज दुगली पहुंचकर चौपाल लगाई। इस अवसर पर कमार जनजाति वर्ग के पदाधिकारियों और समाज प्रमुखों ने कलेक्टर के साथ बैठकर भोजन किया। भोजन के दौरान कलेक्टर ने कमार समाज के लिए और क्या बेहतर किया जा सकता है, इस पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने 15 जनवरी को नगरी में आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की।

# चोरों के हौसले बुलंद दिनदहाड़े हो रही चोरी



गोदाम से बाइक चोरी, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

सिर्री क्षेत्र में चोरों का हौसला इतना बुलंद है कि अब तो वह भयमुक्त होकर दिनदहाड़े चोरी जैसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। घटना ग्राम धूमा की है। जहां पर एक चोर ने दिनदहाड़े गोदाम में रखे हुए बाइक की चोरी कर ली और फरार हो गया।

ग्राम धूमा निवासी भुनेश्वर राम साहू पिता बिसाहू राम साहू के गोदाम में सीजी 07 ए डब्लू 3240 नंबर की एचपी डॉन बाइक रखी हुई थी। लेकिन वहां कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। चोर इसी मौके का फायदा उठाते हुए 7 जनवरी रविवार को दोपहर 1 बजकर 37 मिनट में दिनदहाड़े बाइक चोरी कर फरार हो गया। भुनेश्वर राम साहू ने बिरेझर चौकी में बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। भुनेश्वर ने बताया कि 4 दिन बीत जाने के बाद भी बिरेझर पुलिस मौके पर चोरी की घटना का जायजा लेने नहीं पहुंची थी। बार-बार सूचना करने के बाद पांचवें दिन बिरेझर पुलिस घटना का जायजा लेने पहुंची। ऐसे में तुरंत कार्रवाई नहीं होने से चोरों का हौसला बुलंद होते जा रहा है। देर से कार्रवाई होने की बात पूछे जाने पर मामले की जांच कर रहे बिरेझर चौकी के एएसआई दक्ष साहू ने बताया कि वह अन्य जगह पर ड्यूटी में व्यस्त थे और मामले की जांच करने 11 जनवरी को घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

अवैध खदानों से महंगे में हो रही रेत की निकासी, शासन के खाते में फूटी कौड़ी नहीं

# महानदी के तट पर बसे होने के बाद भी रेत महंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

महानदी के किनारे बसे होने बाद भी धमतरीवासियों को अधिक कीमत में रेत खरीदनी पड़ रही है। रेत से होने वाली कमाई का एक रुपया भी शासन को रायल्टी के रूप में नहीं जा रहा है। सभी रेत खदान अवैध होने के कारण पूरी राशि की बंदरबाट हो रही है। एक खदान में चार से पांच पार्टनर हैं। सभी पार्टनरों की जेब भरने के चक्कर में भवन निर्माण करने वालों का बजट गड़बड़ा गया है।

जिले में रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले में फिलहाल कोई भी रेत खदान वैध नहीं है। शासन को इन खदानों से एक रुपया का राजस्व नहीं जा रहा है। इसके बाद भी खदानों में लोडिंग चार्ज बढ़ा दिया गया है जिसका सीधा-सीधा असर भवन निर्माण करने वालों की जेब पर पड़ रहा है, जबकि खदान चलाने वाले खनिज माफिया की जेब भर रही है। जानकारी के अनुसार एक खदान को चार से पांच पार्टनर मिलकर चला रहे हैं। इससे खदान में अवैध रूप से निकासी से आने वाली रकम का बंटवारा भी चार-पांच लोगों के बीच हो रहा है। चार-पांच लोगों की जेब भरने के चक्कर में भवन निर्माण करने वालों का बजट गड़बड़ा गया है। खदान संचालकों का दावा है कि खदान चलाने के लिए वे उपर भी राशि पहुंचा रहे हैं जिसके चलते निकासी का रेट बढ़ा हुआ है।



### प्रति ट्रैक्टर ट्राली 300, हाइवा 5000

स्थानीय लोगों को ट्रेक्टर से रेत की आपूर्ति की जाती है। इसमें भी महंगाई की मार है। जानकारी के अनुसार खदानों में ही रेत की निकासी के लिए 300 रुपए लिया जाता है। लोडिंग अनलोडिंग करके रेत के दाम 700 रुपए पड़ रहे हैं। धमतरी के भवन निर्माताओं तक पहुंचने तक इसका चार्ज 1100 से 1200 रुपए हो जाता है। पहले यही रेत धमतरीवासियों को 9 सौ रुपए में मिलती थी तब निकासी की दर कम थी। रेत भंडारण स्थलों में भी महंगाई है। मथुराडीह और जवरगांव रेत भंडारण में 10 चक्का हाइवा 4000 रुपए, 12 चक्का 4500 रुपए लोडिंग लिया जा रहा है। रायल्टी पर्ची कटवाने पर 3 हजार रुपए अतिरिक्त वसूला जा रहा है।

### कार्रवाई कुछ भी नहीं

रेत खदानों में चल रहे इस खेल की खबर खनिज विभाग सहित प्रशासन के अन्य अधिकारियों को भी है। इसके बाद रेत खदानों में चल रही मनमानी को रोकने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। नए कलेक्टर के चार्ज सम्हालने के बाद उम्मीद थी कि रेत खदानों में चल रही गड़बड़ी पर लगाम लगेगी लेकिन अब तक ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### कोलियारी में 15 से सत्संग

**अंवरी।** सद्गुरु कबीर विराजमान मुटाना आश्रम कोलियारी में दो दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन 15 एवं 16 जनवरी को किया गया है। इसकी तैयारी में संत मुक्तिशरण शास्त्री कबीर मुटाना आश्रम एवं ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### छाती में कबीर सत्संग 12 से

**पुरी।** ग्राम छाती में ज्ञान यज्ञ कबीर सत्संग समारोह का आयोजन 12 एवं 13 जनवरी को किया जा रहा है। सद्गुरु कबीर साहेब के आदर्शों एवं उनके अमूल्य विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संत स्वरुप साहेब मीर नगर बाराबंकी उत्तरप्रदेश आयेंगे। इनके अलावा संत सगेन्द्र साहेब गोबरा नयापारा, पवन साहेब दर्रा एवं अनुकरण साहेब कबीर आश्रम सेनचुआ का भी आगमन होगा। भजन एवं प्रवर्धन 12 जनवरी को सुबह 10 से 1 बजे तक, दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक, 13 जनवरी शनिवार को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक होगा। कार्यक्रम की तैयारी में भूषणलाल साहू, राजेन्द्र दास साहू, अमी साहू समेत अन्य जुटे हैं।

## निधन

### बिसाहिन बाई फूटान



**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम चिटौद निवासी बिसाहिन बाई फूटान उम्र 62 वर्ष का निधन हो गया। वे ग्राम पंचायत चिटौद के पूर्व पंच शंकरलाल फूटान की पत्नी एवं लोकेश फूटान की मां थीं। उनका अंतिम संस्कार चिटौद के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें ग्रामीण एवं परिजनों ने शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### संतोष साहू




**मगरलोड।** ग्राम मेघा निवासी संतोष कुमार साहू का 10 जनवरी बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे कांतराम साहू के पुत्र, नरेन्द्र साहू के भाई तथा संदीप, प्रेमा साहू के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

पारदर्शिता और सुरक्षित ढंग से काम करने की दी समझाइश

# विधायक चंद्राकर ने एनजीडीआरएस वेबसाइट से पंजीयन का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कुरुद विधायक और पूर्व केबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर ने राष्ट्रीय सामान्य दस्तावेज पंजीकरण प्रणाली (एनजीडीआरएस) वेबसाइट के माध्यम से जमीन के पंजीयन का शुभारम्भ कुरुद उपपंजीयक कार्यालय से किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एनजीडीआरएस प्रणाली का उपयोग करने से जिलेवासियों की ज़मीन की रजिस्ट्री करवाने में सुविधा मिलेगी, वहीं रजिस्ट्री हेतु आने वाले लोगों को आवश्यक दस्तावेजों के प्रोसेसिंग में समय की भी बचत होगी।



गुरुवार को सुबह 11 बजे फीता काटकर शुभारंभ कर विधायक चंद्राकर ने कहा कि ऑनलाइन रजिस्ट्री के सम्बन्ध में कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाये। उन्होंने इस कार्य को पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और सुरक्षित ढंग से करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी, एसडीएम कुरुद सोनाल डेविड, सीईओ जनपद पंचायत कुरुद बीआर वर्मा, पंजीयक श्रीमती सोनाली बोरडे, जिला सूचना अधिकारी चंदेल, जिला खाद्य अधिकारी बसंत कोर्राम, उप पंजीयक कफील अहमद खान के अलावा जनप्रतिनिधिगण मालकराम साहू, भानु चंद्राकर, जागृति साहू, भूपेन्द्र चंद्राकर, मोहन अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, सुनील चंद्राकर, इमरान बेग, कृष्णकांत साहू, टिकेश साहू, भोजराज चंद्राकर, प्रदीप यादव, संतोष बैस, थानेश्वर आदि उपस्थित थे।

# दुख के बाद सुख मिलने का आनंद ही कुछ और



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

■ डोमा में श्रीमद् भागवत सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

भखारा के समीपस्थ ग्राम डोमा में 5 जनवरी से श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह चल रहा है। इसे सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भीड उमड़ रही है। व्यास जी महाराज ने गुरूवार को भगवान कृष्ण जन्म की कथा बताई। महाराज ने बताया कि देवकी और वासुदेव को कंस ने कारागार में बंद कर दिया। नारद ने कंस से कहा कि भगवान नारायण कभी भी किसी भी रूप में जन्म ले सकते हैं इसलिए आप आठवीं संतान का इंतजार मत करो। कंस ने देवकी और वासुदेव की सात संतान को समाप्त कर दिया। जितना कंस कष्ट देता था उतना ही देवकी और वासुदेव भगवान नारायण को याद करते थे। कहने का मतलब है कि दुख के बाद सुख मिलने का आनंद ही कुछ और होता है। लोग सुख मिलने पर तो भगवान को भूल जाते हैं। दुख के बाद सुख मिले तो वह सब लोगों को याद रहता है तब लोग भक्ति करते हैं, प्रभु की आराधना करते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेने पर भक्तों ने खुशियां मनाई।

# विधायक चंद्राकर से मिले यादव समाज के लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

छग झेरिया यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनिक यादव के नेतृत्व एवं भगत सिंह यादव प्रदेश उपाध्यक्ष की अगुवाई में यादव समाज के लोगों ने कुरूद विधायक अजय चंद्राकर से मुलाकात कर यादवी वेशभूषा पहनाकर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर रमेश यादव जिलाध्यक्ष, संतोष यादव कोषाध्यक्ष, अवध यादव सचिव, भगवती यादव ब्लाक कोषाध्यक्ष, अनूप यादव ब्लाक सहसचिव, नवीन यादव नगर अध्यक्ष, डीलेंद्र यादव मंडल अध्यक्ष, लोमश यादव, गोविंद यादव, किशोर यादव, राकेश यादव, धर्मेन्द्र यादव, जितेंद्र यादव, अशोक यादव, लेखराम यादव, राजेंद्र यादव, पुष्कर यादव, धनेश्वरी पुष्कर यादव जनपद सदस्य कुरूद सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे।

# बच्चों के शैक्षिक स्तर में सुधार के लिए माताएं निभायेंगी भूमिका

■ अंगना म शिक्षा : बच्चों को खेल-खेल में सिखाने माताओं को तैयार करने की अभिनव पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा जिला धमतरी के निर्देशानुसार बीआरसी भवन कुरुद में विकासखण्ड स्तरीय अंगना म शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ जहां जिला मिशन समन्वयक देवेश सूर्यवंशी, एपीसी एनके साहू, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक राजेश पाण्डेय ने शिक्षकों को मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर शिप्रा कन्नौजे एवं आरती पटेल द्वारा दिया गया।



प्रशिक्षण में अंगना म शिक्षा 4.0 अन्तर्गत माह जनवरी, फरवरी एवं मार्च के भाषायी एवं गणितीय गतिविधि, माह अप्रैल में पढ़ाई तिहार, अंगना म शिक्षा मेला सपोर्ट कार्ड, वर्णमाला, अक्षर, गिनती, सरल शब्द पढ़ना विषय पर मास्टर ट्रेनरों द्वारा विस्तार से बताया गया। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक राजेश पाण्डेय ने बताया कि प्राथमिक शाला की सक्रिय माताओं को इस कार्यक्रम से जोड़ा जायेगा। बच्चों के शैक्षिक स्तर में सुधार हेतु यह पहल की जा रही है। माताएं बच्चों को पढ़ने लिखने में सहायता देंगी तथा स्कूल की समस्त शैक्षिक गतिविधियों में सहयोग प्रदान करेंगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकासखण्ड कुरुद के 40 संकुलों से संकुल शैक्षिक समन्वयक एवं अंगना म शिक्षा प्रभारी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने अपनी सहभागिता निभाई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में यसआरजी अंगना म शिक्षा कार्यक्रम प्रीति शांडिल्य भी उपस्थित हुई। उन्होंने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी प्रदान की।

# सांस्कृतिक मंच एवं अहाता निर्माण का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

जीजामगांव में जनपद पंचायत के 15 वें मद से अहाता निर्माण पशु-चिकित्सक प्रांगण एवं सांस्कृतिक मंच पुराना बाजार चौक का भूमि पुजन जनपद अध्यक्ष श्रीमती शारदा लोकनाथ साहू ने किया। इस अवसर पर संदीप राव गायकवाड़, संतराम साहू, हरिराम साहू, रामचंद्र चेलक, टिकेश्वरी मारकंडे जनपद सदस्य, सुलोचना कृपाराम महिलांगे सरपंच, खोरबाहरा पटेल, मोहित साहू, देवचरण चंद्राकर, नारद साहू, श्रीराम साहू, शिवकुमार पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# ताइक्वाण्डो में मधुलिका ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कुरूद महाविद्यालय खेल प्रतिभा का धनी विगत कई वर्षों से रहा है। इस महाविद्यालय से राज्य स्तर, जोन स्तर, राष्ट्रीय स्तर एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपने भविष्य का निर्माण करते हैं एवं महाविद्यालय के साथ अपने राज्य का नाम रोशन करते हैं।

इसी क्रम में संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के बीपीएड तृतीय सेमेस्टर की छात्रा मधुलिका का चयन आल इण्डिया इंटरयूनिवर्सिटी ताइक्वाण्डो महिला प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विगत दिनों एलपीयू यूनिवर्सिटी जालंधर हरियाणा में 26 से 30 दिसंबर 2023 में उत्तर पूर्वी जोन से आये विभिन्न विश्वविद्यालयों के खिलाड़ियों की प्रतियोगिता सम्पन्न हुई थी। जिसमें पडित रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर टीम से कुरूद महाविद्यालय की खिलाड़ी मधुलिका ने भाग लिया था। उन्होंने बेहतरीन खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर आल इण्डिया टीम में अपनी जगह बनाई है।



आगामी राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता 8 से 13 जनवरी के मध्य खिलाड़ी मधुलिका जगदीश प्रसाद झाबरमल तिबरवाला विवि झुंझुनू राजस्थान जायेंगी जहां वह उत्तर पूर्वी जोन की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी।

मधुलिका की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. डी.के. राठौर, क्रीड़ा अधिकारी अमित टण्डन क्रीड़ा समिति के सदस्य हरिराम साहू, चित्रमणि श्रीमाली, प्राध्यापक डॉ. एनके मेश्राम, एमएस साहू, डॉ. आरके पांडेय, सरस्वती घृतलहरे, बीआर देवांगन, डॉ. ओमजी गुप्ता, डॉ. तरूण पटेल, हितनारायण टण्डन, डॉ. फिरोज सोनवानी, राकेश सोनकर, शीबा वंजारी, कृपाराम साहू, पवन ताम्रकार, रेणु पाटले, डॉ. विक्रम सिंह, लीना दिली, विजयकुमार, कौस्तुभ तिवारी, एचआर उईके, तेजराम सिन्हा, वायआर उईके, नरोत्तम कुमार, नीलकंठ, केआर डहरे, ढालूराम साहू, लुकेश विश्वकर्मा, घनश्याम यादव, रविकुमार साहू, किशोर साहू, डिगेश्वर बैस एवं महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# मुर्गीपालन और मशरूम उत्पादन से नेमा की आर्थिक स्थिति हुई मजबूत

■ राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ने के लिये अन्य महिलाओं को कर रहीं प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के चारों विकासखण्डों में आयोजित संकल्प शिविरों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ले रहे हैं।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से लाभान्वित हितग्राही धमतरी विकासखण्ड के ग्राम सारंगपुरी की श्रीमती नेमा सोनवानी ने भी अपनी कहानी सुनाई। उन्होंने बताया कि वे वर्ष 2017 में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्व- सहायता समूह से जुड़ीं। इसके बाद उन्होंने स्वरोजगार करने की मंशा से समूह से 60 हजार रूपये का ऋण लिया तथा मुर्गीपालन करने लगीं। नेमा बताती हैं कि घर का काम करते-करते उन्होंने मुर्गीपालन किया, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आया। मुर्गी पालन से मिली राशि से वे ऋण चुकाने लगी और घर के खर्च के बाद बची राशि को जमा करने लगी। इसके बाद नेमा गांव में गठित उत्पादक समूह से जुड़कर मशरूम उत्पादन का कार्य भी करने लगी। मुर्गी पालन और मशरूम उत्पादन से अब नेमा की आमदनी और बढ़ गई। नेमा कहती हैं कि घर की आर्थिक स्थिति सुधरने के बाद बच्चों को अच्छी शिक्षा तो दे ही रही हैं साथ ही परिवार का भी सहयोग कर रही हैं। नेमा खुद अपने पैरों पर खड़े होकर अन्य महिलाओं को भी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ने के लिये प्रेरित कर रही हैं, ताकि उसकी तरह अन्य महिलायें भी अपने पैरों में खड़े होकर अपनी आर्थिक और सामाजिक स्थिति मजबूत करें। इन सब कार्यों के अलावा नेमा पशु सखी का कार्य भी बखूबी निभा रही हैं। वे गांव के पशुपालकों को पशुओं में होने वाली बीमारियों की जानकारी दे रही हैं और उसके उपचार का हल भी बता रही हैं।





पुरूर, चिटौद, चंदनबिरही, आनंदपुर में पहुंचा संकल्प रथ

# शासकीय योजनाओं से ग्रामीणों के जीवन में आया बदलाव : कौशल

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरूर(धमतरी)

विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का आगमन गुरूर विकासखंड के ग्राम पुरूर, चिटौद, चंदनबिरही, आनंदपुर सहित कई गांवों में हुआ जहां शिविरों के माध्यम से लोगों को केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशल साहू ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में आम जनता को अवगत कराते हुए अधिक से अधिक लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना हैं। महिलाओं को उज्वला योजना के तहत गैस सिलेंण्डर, गरीबों को मुफ्त चावल, जन धन योजना के तहत बैंक में खाता खुलवाकर योजनाओं का लाभ, प्रधानमंत्री आवास योजना, विश्वकर्मा योजना, जल जीवन मिशन के तहत हर घर स्वच्छ पेयजल सहित कई योजनाएं लागू कर आम लोगों के जीवन स्तर को उंचा उठाने का प्रयास किया जा रहा है। संकल्प यात्र के माध्यम से मोदी सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव के अंतिम छोर तक पहुंचाने की दिशा में सार्थक पहल है।



महामंत्री मेहत्तर नेताम, युवा मोचा मंत्री अजेन्द्र साहू सहित भाजपा नेताओं ने ग्रामीणों को मोदी सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देकर योजना का लाभ दिलाने की बात कही। ग्राम चिटौद सरपंच कुमारी साहू, पुरूर सरपंच सुर्कीति यादव, चंदनबिरही सरपंच रामस्वरूप साहू, आनंदपुर सरपंच सुनीता साहू ने कहा कि पात्र हितग्राहियों को मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, सेवा सहकारी, खाद्यान्न विभाग, ग्रामीण बैंक, विद्युत विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने शिविर में लोगों को योजनाओं की जानकारी दी।

मौके पर रघुवीर साहू, कृष्णा कोर्राम, पंजाबराव सालुंके, गोकुलराम साहू, बनवालीराम मेश्राम, रूपराम नागवंशी, छबिलाल साहू, निर्मल साहू, कीर्तन माला, द्वारिका कटेन्द्र, केजूराम साहू, मिथलेश साहू, भीमसेन ध्रुव, मयाराम साहू, हरखराम साहू, रमेश साहू, भागबली साहू, भगवानीराम साहू सहित क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों व्दारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
पंजीयन आवश्यक - 9981996482

स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप किडनी रोग, मस्तिष्क रोग,स्लिप डिस्क से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें

डॉ करण सराफ
MD,DM
Nephrologist
किडनी रोग विशेषज्ञ

डॉ अक्षय वैद
MS,MCh,
Neurosurgeon
ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ

डॉ आशु जैन
MS,MCh,
Neurosurgeon
ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ
12 जनवरी 2024 शुक्रवार

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरूद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## खबर संक्षेप

### मोंगरा में मड़ई 19 को

**कुरुद।** ग्रामवासियों व युवा समिति द्वारा ग्राम मोंगरा में मड़ई मेला का आयोजन 19 जनवारी को किया जा रहा है। रात्रि में दर्शकों के मनोरंजन के लिए राग अनुराग लोक कलामंच दुर्ग छत्तीसगढ़ का कार्यक्रम होगा।

### परसुली, बनरौद, छुही में होगा गायत्री महायज्ञ

**धमतरी।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में 12 से 14 जनवरी से परसुली में, 13 से 15 जनवरी तक बनरौद, 20 से 22 जनवरी तक छुही में गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिवस मंगल कलशयात्रा निकाली जाएगी। द्वितीय दिवस गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण एवं दीप महायज्ञ का आयोजन होगा। अंतिम दिवस महायज्ञ, समस्त संस्कार, पूर्णाहुति, ऋषि पुत्रों की विदाई होगी। आदर्श विवाह के दम्पति को प्रोत्साहन राशि एवं सामग्री प्रदान की जायेगी। इसके लिए पंजीयन आवश्यक है। यह जानकारी एमआर निषाद, छविलाल सिन्हा, होमन सोनवानी, सुभाष साहू ने दी है।

### कुर्रा में ग्रीन आर्मी का सम्मान

**कोर्रा (भखारा)।** ग्राम कुर्रा (रांवा) में नव युवा मित्र रामायण समिति के सदस्यों एवं ग्रामवासियों ने ग्रीन आर्मी महिला समूह की सदस्य श्रीमती मधुलता साहू, किरण गायकवाड़, प्रमिला नेताम, श्याम बाई साहू, भुनेश्वरी साहू का सम्मान किया।

### युवाओं ने सीएमओ से नगर हित पर की चर्चा

**मगरलोड।** नगर पंचायत मगरलोड-भैंसमुंडी के युवाओं ने वार्ड क्रमांक 11 में पाइप लाइन, स्टेडियम का जीर्णोद्धार, सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी से मांग की। युवाओं ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी व कर्मचारियों के साथ नगर भ्रमण कर जनसमस्याओं से अवगत कराया। मौके पर तिलक कृपाराम साहू, चेतन बिंझेकर, राजेश साहू, राकेश साहू अधिवक्ता, संतोष राजपूत, लोकेश साहू, शत्रुघन निषाद, रोहित साहू व अन्य शामिल थे। मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने युवाओं को आश्वासन दिया है कि 2 महीने के भीतर समस्याओं का निवारण किया जाएगा।

### छात्रों ने मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला का किया शैक्षणिक भ्रमण

**कोर्रा(भखारा)।** महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग के छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य डॉ. संजय शर्मा के मार्गदर्शन में मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला गरियाबंद का शैक्षणिक भ्रमण किया। छात्रों को मिट्टी में पाए जाने वाले 12 प्रमुख तत्व जैसे नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटेशियम, ऑर्गेनिक कार्बन, मैंगनीज , कॉपर, आयरन, जिंक की आवश्यकताओं के बारे में बताया गया। इस परीक्षण में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न प्रकार के उपकरणों व उनके सिद्धांतों को विस्तार से सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी रमेश निषाद ने समझाया। चंदन रॉय उपसंचालक कृषि ने मृदा परीक्षण की आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### शासन की योजनाओं को कमारों तक पहुंचाने कलेक्टर ने दुगली में लगाई चौपाल

गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सभी कमार परिवारों को आवास दिया जायेगा।

प्रदेश अध्यक्ष कमार समाज रमेश धनुरधारी ने कहा कि कमार समाज का विकास नहीं होने का प्रमुख कारण है अज्ञानता। लेकिन अब हमारी सोच बादल रही है। हम भी देश के विकास में सहभागी बनना चाहते हैं। जिलाध्यक्ष कमार समाज बुधलाल नेताम ने कहा कि शासन स्तर से जो कमार समाज के लिए प्रयास किया जा रहा है, वह सराहनीय है। निश्चित रूप से इन योजनाओं का लाभ लेकर हमारे जीवन में बदलाव आएगा।

रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित हुआ सम्मान समारोह

# चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने वाले भाजपा बूथ अध्यक्ष हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

भाजपा कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव की जीत का वास्तविक नायक बताते हुए प्रदेश भाजपा ने कार्यकर्ता सम्मान समारोह आयोजित कर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बूथ अध्यक्षों को सम्मानित किया जिसमें कुरुद विधानसभा अंतर्गत बूथ क्रमांक 175 के बूथ अध्यक्ष भी सम्मानित हुए।

बुधवार को राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा ने 19 विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया था। कुरूद विधानसभा के 350 से अधिक पार्टी पदाधिकारियों ने विधायक अजय चन्द्राकर के नेतृत्व में भाग लिया। कुरूद विधानसभा के 237 बूथों में सबसे ज्यादा 410 वोट से विजयश्री दिलाने वाले बूथ क्रमांक 175 के बूथ अध्यक्ष भूपेंद्र चन्द्राकर को प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं अन्य अतिथियों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर निरंजन सिन्हा, भानु चंद्राकर, ज्योति चन्द्राकर, हरिशंकर सोनवानी, गौकरण साहू, सिन्धु बैस, भीमदेव साहू, आनंद यदु, कुलेश्वर चंद्राकर, मालकराम साहू, तिलोकचंद जैन, कृष्णकांत साहू, वीरेंद्र साहू, भोजराज चंद्राकर, चोवाराम गंजीर, भावप्रकाश साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

बता दें कि विधानसभा कुरूद के जिस बूथ से सर्वाधिक लीड भाजपा को मिली है, वह बूथ नगर पंचायत कुरुद अंतर्गत विधायक अजय चंद्राकर का गृह व नेता प्रतिपक्ष भानु चंद्राकर का वार्ड क्रमांक 5 है जिसके बूथ क्रमांक 175 में सर्वाधिक 140 वोटों की लीड इस बार के चुनाव में भाजपा को मिली है। इस अवसर पर भानु चन्द्राकर ने कहा है कि पार्टी द्वारा दिया गया यह सम्मान भले ही मेरे निर्वाचन क्षेत्र को मिला है, लेकिन यह हमारे प्रत्येक कार्यकर्ताओं की मेहनत और मतदाताओं के प्रेम के साथ मोदी की गारंटी एवं अजय चन्द्राकर के प्रति लोगों के भरोसे को दर्शाता है।



### कार्यकर्ताओं का हमेशा सम्मान करती है भाजपा : अजय

विधायक अजय चंद्राकर ने कहा है कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और मेहनत करने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं को पार्टी हमेशा याद रखती है। यह हमारे कार्यकर्ताओं की ही मेहनत है कि कुरुद विधानसभा में हुए पिछले तीन-तीन चुनावों में पार्टी ने लगातार जीत हासिल की है। इन जीतों का श्रेय हमारे जमीनी कार्यकर्ताओं को जाता है, जिन्होंने इन चुनावों में अपने अथक परिश्रम और लगन से जीत का परचम लहराया है।

## आज विवेकानंद जयंती पर विधायक चंद्राकर का होगा नागरिक अभिनन्दन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



प्रति वर्ष की परंपरानुसार वन्देमातरम परिवार द्वारा राष्ट्रनायक स्वामी विवेकानंद जयंती महोत्सव का आयोजन 12 जनवरी को कारगिल चौक के पास इंडोर स्टेडियम में किया जा रहा है जहां संस्था द्वारा क्षेत्रीय विधायक एवं संस्था के संरक्षक अजय चन्द्राकर का नागरिक अभिनंदन किया जायेगा। रात्रि 8 बजे से आयोजित कार्यक्रम में स्वामी जी की जयंती को यादगार बनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकरंग अर्जुन्दा की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। अध्यक्षता एलपी गोस्वामी संरक्षक अधिवक्ता संघ करेंगे। विशिष्ट अतिथि तपन चंद्राकर अध्यक्ष नपं कुरूद नगर पंचायत कुरूद, पूर्व अध्यक्षगण राजकुमारी दीवान, निरंजन सिन्हा, ज्योति चंद्राकर, रविकान्त चंद्राकर, वन्देमातरम परिवार प्रमुख भानु चंद्राकर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मंजु प्रमोद साहू, स्वामी विवेकानंद वार्ड पार्षद तुमेश्वरी ध्रुव, प्रेस क्लब अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि मूलचंद सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि कृष्णकांत साहू होंगे।

## युवा महोत्सव में आज होंगे विविध कार्यक्रम

**धमतरी।** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर नागर निगम धमतरी द्वारा राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2024 का आयोजन 12 जनवरी को शहीद वीर नारायण सिंह सामुदायिक भवन विंध्यवासिनी वार्ड में किया जा रहा है जिसमें जनप्रतिनिधियों, आम जनमानस एवं युवाओं के समक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। आयुक्त विनय कुमार ने कार्यक्रम स्थल में सभी व्यवस्था को पूर्ण करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। युवा महोत्सव शिविर में सुबह 10 बजे से 11 बजे पेंटिंग प्रतियोगिता (विषय विकसित भारत 2047: युवा के लिए युवा द्वारा), 11:30 बजे से 12 बजे के बीच प्रश्नोत्तरी होगी। 12:15 बजे प्रधानमंत्री के संदेश का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

## पीड़ित परिवार को दी आर्थिक मदद



हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरी

ग्राम छाती में वर्षों से मानव कल्याण स्वर्गधम सेवा समिति संचालित है। दानदाताओं द्वारा गांव के भूमिहीन परिवार के निधन हो जाने पर उसके परिवार को 6000 आर्थिक सहायता राशि दी जाती है। सहयोग की राशि पीड़ित परिवार द्वारा उनके दाह संस्कार, सामाजिक भोज, पूजा-अर्चना आदि में लगाई जाती है। पुनीतराम सतनामी की लंबी बीमारी के चलते देहवसान होने के कारण उनकी पत्नी लक्ष्वतीनबाई एवं उनके परिवार को आर्थिक सहायता राशि 6000 दी गई। यह जानकारी नरेंद्र साहू अध्यक्ष मानव कल्याण स्वर्गधाम सेवा समिति ने दी है।

## छात्राओं को दी गई आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा प्रेरणा योजना संचालित हैं जिसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को सहायता राशि प्रदान की गई। यह सहायता राशि प्राचार्य डॉ. डी. आर. चौधरी एवं प्राध्यापकों एवं खेल अधिकारी द्वारा प्रदान की गई। वर्तमान में अंतरमहाविद्यालयीन कराते प्रतियोगिता का आयोजन 8 जनवरी को हुआ जिसमें कन्या महाविद्यालय की चयनित खिलाड़ी रिया फूटान काता में पं. रविशंकर शुक्ल विवि का प्रतिनिधित्व चण्डीगढ़ में करेंगी। विगत दिनों वेटलिफ्टिंग एवं पावरलिफ्टिंग में चयनित खिलाड़ी ओजल साहू पं. रविशंकर शुक्ल विवि का प्रतिनिधित्व हिमाचल प्रदेश एवं दिल्ली में करेंगी। दोनों प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रेरणा योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रोहिणी मरकाम, डॉ. जेएल पाटले, ओपी चन्दे, खेल अधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर बांधे एवं समस्त प्राध्यापक उपस्थित थे।

## विकसित भारत 2047 पर हुई परिचर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्रभारी प्राचार्य प्रो. मोहित कुमार एवं नोडल अधिकारी प्रो. हितेशानंद ठाकुर के निर्देशन में विकसित भारत 2047 अंतर्गत परिचर्चा का आयोजन किया गया। विकसित भारत के उद्देश्यों, स्थापना, आजादी के बाद एक नई रुप में आजादी जैसे महत्वपूर्ण विषय पर छात्र-छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी डॉ.दीपा देवांगन, डॉ. ममता सौरज, श्रीमती गीता साहू, डॉ. संध्यारजनी मिश्रा, सुश्री शीबा खान, श्रीमती उर्वशी साहू उपस्थित थे।



## हेल्थ इलेवन, नगर निगम व पुलिस इलेवन ने जीत दर्ज की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

स्थानीय पीजी कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम में कार्पोरेट प्रीमियर लीग रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। स्पर्धा के पांचवें दिन 3 मैच खेले गए। पहला मैच हेल्थ इलेवन और एसएसके इलेवन के बीच खेला गया, जिसमें हेल्थ इलेवन ने 7 विकेट से मैच जीता। दूसरा मैच नगर निगम इलेवन और पुलिस इलेवन के बीच हुआ, जिसमें नगर निगम टीम ने 5 विकेट से जीत दर्ज की। तीसरा और अंतिम मैच हेल्थ इलेवन और पुलिस स्टेशन के बीच हुआ, जिसमें पुलिस इलेवन ने 46 रनों से मैच जीता।

## बजट में शामिल कार्यों की स्वीकृति दिलाने उपमुख्यमंत्री से मिलीं पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू ने अपने कार्यकाल की बहु प्रतीक्षित मांग जो बजट में शामिल हुई थी, उसे अति शीघ्र प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कराने एवं नए निर्माण कार्यों को बजट में शामिल करने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मिलकर चर्चा की। पीपरछेड़ी से गागरा कंडेल मार्ग में वृहद पुल निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने, शहर केमुजगहन से रत्नाबांधा चौक धमतरी मार्ग का चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण, पुल पुलिया सहित 4 लेन सड़क निर्माण कार्य, सिहावा चौक से नहरनाका चौक धमतरी मार्ग का चौड़ीकरण, सौंदर्यीकरण पुल पुलिया सहित 4 लेन सड़क निर्माण कार्य, भानपुरी-तरसींवा-रांवा सड़क मार्ग का मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण निर्माण कार्य, गागरा-देवपुर मध्य सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण निर्माण कार्य, धमतरी गोकुलपुर भटगांव सोरम बोरिदखुर्द पुरुर मार्ग का सड़क मार्ग का मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने की मांग की। इसके साथ ही श्रीमती साहू ने झिरिया से उड़ेना के मध्य वृहद पुल को बजट में शामिल करते हुए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने की मांग की।

## रामायण पाठ से शुद्ध हो जाता है मन : ओंकार

- खपरी में तीन दिवसीय संगीतमय रामायण स्पर्धा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



ग्राम पंचायत खपरी में तीन दिवसीय संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन अवसर के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू व विशेष अतिथि युवराज शर्मा महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण, आरआर रायपुरिया सेवानिवृत्त शिक्षक, रामरोशन ध्रुव सरपंच, अग्रवाल साहू उपसरपंच, भगवान सिंग रायपुरिया अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, भोलाराम सिन्हा, पंकज चन्द्राकर निज सहायक विधायक, बीएल साहू शिक्षक, श्रवण साहू, गिरधर सिन्हा थे। रामायण प्रतियोगिता में अंचल सहित दूरस्थ क्षेत्र की रामायण मंडलियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्री साहू ने कहा कि रामायण की चर्चा मात्र से मन शुद्ध हो जाता है। श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम इसलिए कहा जाता है क्योंकि उन्होंने अपने पिता की आज्ञा मान सिंहासन छोड़कर वन को चले गए थे। पहले हर घर में बुजुर्ग रामायण का पाठ करते थे, लेकिन आज रामायण पढ़ना कम हो गया है। श्रीराम छत्तीसगढ़ के भांजे हैं। छत्तीसगढ़ उनका ननिहाल है। वनवास के समय 10 वर्ष छत्तीसगढ़ में बिताए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने उनके सम्मान में राम वन पथ गमन की स्थापना की। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## पीजी कालेज में विकसित भारत पर हुए कई कार्यक्रम

**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विकसित भारत योजना का आयोजन किया गया। आइडियाज फॉर विकसित भारत विषय पर निबंध प्रतियोगिता हुई। विकसित भारत पर विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं के दो मिनट का वीडियो बनाकर उनके आइडियाज लिए गए। 14 दिसम्बर को विकसित भारत 2047 विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता हुई।

15 दिसम्बर को विकसित भारत फ्लेक्स में छात्र-छात्राओं ने अपनी सेल्फी लेकर पोर्टल पर अपलोड किया। 16 दिसम्बर को विभिन्न संकाय के छात्र–छात्राओं ने विकसित भारत संकल्प क्विज में सहभागिता दी। 20 दिसम्बर को विकसित भारत 2047 विषय पर परिचर्चा हुई। 22 दिसम्बर को पुनः विकसित भारत फ्लेक्स में सेल्फी लेकर छात्र-छात्राओं ने अपने आइडियाज शेयर किये। 23 दिसम्बर को युवाओ ने वीडियो आइडियाज विकसित भारत पोर्टल में अपलोड किए।

## कलेक्टर ने कमार आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण, बच्चों से की चर्चा

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी ने नगरी विकासखंड के दुगली स्थित कमार आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। वहीं स्कूल में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, विद्यार्थियों की संख्या के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बच्चों से पाठ्यक्रम के संबंध में जानकारी ली और उन्हें करियर मार्गदर्शन भी दिया। कलेक्टर सुश्री गांधी ने कहा कि किसी व्यक्ति को सफल होने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कड़ी मेहनत करना जरूरी होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को खूब मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य हासिल कर अपने परिवार, समाज और देश का नाम रोशन करने प्रेरित किया।

## गणेशपुर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आज से

**जीजामगांव।** सत्संग सेवा समिति, बोल बम सेवा समिति एवं रामायण सेवा समिति तथा ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम गणेशपुर के श्रीराम जानकी मंदिर में 12 से 20 जनवरी तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथावाचक सुश्री गंगा वृंदावन धाम होंगी। आयोजक समिति ने बताया कि कथा श्रवण का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 तक एवं दोपहर 3 बजे से संध्या 6 बजे तक है।

## मेहंदी में खेमलता, रंगोली में नेहा रही प्रथम

- कन्या महाविद्यालय में छात्राओं की प्रतिभा निखारने हुए कई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में वार्षिकोत्सव के तहत मेहंदी, केश सज्जा और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. डीआर चौधरी ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चों में रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा का विकास होता है। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रोहिणी मरकाम ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूक करना है। डॉ. सुषमा साहू ने कहा कि छात्राओं में प्रतिभा की कमी नहीं है।

निर्णायक मंडल ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों का चयन किया। केश सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम तालिका मंडावी, द्वितीय अनुष्का तिवारी एवं प्रतिमा तथा तृतीय सृष्टि दुबे रही। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम खेमलता साहू, द्वितीय शाजिया परवीन तथा तृतीय स्थान बबीता ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम नेहा, द्वितीय यमुना तथा तृतीय स्थान पर भाविका रही।

इस अवसर पर डॉ. रोहिणी मरकाम, डॉ. जेएल पाटले, ओपी चन्दे, राजेश जांगड़े, हुकेश, दानेश्वर साहू, आकाश साहू, मधुमाधव देव, रामचंद सोनी, रोली जांगड़े, पोखराज साहू, डॉ. जयश्री रणसिंह, पूर्णिमा साहू, तीजन साहू, सुषमा साहू, गीतांजलि टंडन, सतीश साहू, किरण चन्द्राकर एवं कार्यालयीन स्टॉफ उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### कुरमातराई में 19 से रामायण, 22 को मड़ई

**धमतरी।** ग्राम कुरमातराई में ग्राम विकास समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 19, 20 एवं 21 जनवरी तक संगीतमय मानसगान श्रीराम कथा रसपान महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मानस मंच पर छत्तीसगढ़ अंचल की ख्यातिप्राप्त मंडलियां प्रभु श्रीराम की कथा का बखान करेंगी। 22 जनवरी को मड़ई मेला महोत्सव का आयोजन होगा। रात्रि में झन भूलो मां बाप ला ग्राम मोखा का छत्तीसगढ़ी नाचा होगा। यह जानकारी ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष शेष नारायण साहू एवं ग्रामीण बस्ती समाज अध्यक्ष भीषम साहू ने दी है।

### रामभक्त कांग्रेसियों ने भी धिक्कारा : शशि




- प्रतिष्ठा महोत्सव के आमंत्रण को ठुकराना दुर्भाग्यपूर्ण : कविंद्र

**धमतरी।** कांग्रेस अध्यक्ष मालिकार्जुन खड़गे, श्रीमती सोनिया गांधी सहित विपक्षी दलों के कुछ बड़े नेताओं द्वारा 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य एवं दिव्य मन्दिर में रामलला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर मिले आमंत्रण को ठुकराते हुए महोत्सव में शामिल न होने के निर्णय पर भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर शशि पवार ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि विपक्षी दल के नेताओं के इस फैसले से देश का हर रामभक्त दुखी है । स्वयं कांग्रेसियों ने अपने नेताओं के इस फैसले को धिक्कारा है। जिला महामंत्री कविंद्र जैन ने विपक्षी दल के नेताओं के इस निर्णय को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन के घटक दलों का असली चेहरा सामने आया है ।

### सूर्य उपासना का पर्व है मकर संक्रांति



**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद ने बताया कि सनातन धर्म में मकर संक्रान्ति का विशेष महत्व है। सूर्य का मकर राशि में प्रवेश करना ही मकर संक्रांति है। इस दिन से सूर्य उत्तरायण हो जाता है। उत्तरायण देवताओं का दिन कहलाता है। सूर्य का उत्तरायण होने पर दिन बड़ा हो जाता है एवं रात्रि छोटी हो जाती है। मकर संक्रांति को आदिकाल से सूर्य उपासना के पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष देव पंचांग के अनुसार 14 जनवरी को रात्रि 2 बजकर 44 मिनट पर सूर्य का उत्तरायण होगा एवं 15 जनवरी को सूर्य उदिया शतभिषा नक्षत्र है। इस दिन तीर्थस्नान, जाप, हवन पूजन, दान करने का महत्व है। परिषद के मिडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने बताया कि इस दिन तिल के लड्डू एवं तिल का उपयोग हवन, तर्पण एवं खाने के लिए और दान के लिए किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि तिल की उत्पत्ति भगवान विष्णु के शरीर से हुई है। मोक्ष प्राप्ति में इसका विशेष महत्व है।

## धूल के गुबार से श्वसन व त्वचा रोग की संभावना : डॉ. एसके मंडल

# सड़कों पर उड़ती धूल व चिमनियों के निकलते राखड़ से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

शहर के प्रमुख मार्गों पर गड्ढों से राहत देने के लिए सड़क रिपयेरिंग भले ही की गई हो लेकिन सही ढंग से डामरीकरण न होने से वाहनों की आवाजाही से उड़ रही धूल से चलना मुश्किल हो रहा है। इससे लोग बीमार हो रहे हैं। चालकों को धूल से दिखाई न देने पर दुर्घटनाएं होने का खतरा भी बना हुआ है। गौरतलब है कि शहर की प्रमुख सड़क सिहावा रोड, रायपुर रोड, बस्तर रोड, रूद्री रोड की सड़क बरसात में खराब हो चुकी थी। वाहनों का चलना मुश्किल हो गया था। सड़क निर्माण व रिपेयरिंग का कार्य हुआ लेकिन डामरीकरण अभी तक नहीं हुआ। अब सड़कों पर



उड़ती धूल से लोगों का जीना दूभर हो गया है। सड़क पर उड़ती धूल से वाहन चालकों को आगे का रास्ता दिखाई नहीं देता।

स्थिति यह है कि इन प्रमुख मार्गों में वाहनों की आवाजाही से 24 घंटे धूल का गुबार उड़ते दिख जाएगा। शहर में प्रवेश करने वाले वाहनों की आवाजाही इन प्रमुख सड़कों से होती है। भारी तादाद में वाहनों के प्रवेश करने से रोड की स्थिति फिर से खराब हो रही है। सड़कों का पुनर्निमाण शुरू हुआ तो लगा कि अब गड्ढों व हिचकोलों से राहत मिलेगी, लेकिन डामरीकरण नहीं होने से धूल के गुबार उड़ रहे हैं।



फाइल फोटो

### शहर में 100 से अधिक राइस मिल

सड़कों की धूल के साथ-साथ वाहनों और राइस मिलों की चिमनियों से निकलने वाली कार्बन मोनोक्साईड व प्रदूषित धूल से लोगों की सेहत बिगड़ रही है। अधिकांश लोग श्वास और चर्मरोग से पीड़ित हो रहे हैं। वाहनों के इंजन से निकलने वाला काला धुआं शहर की आबोहवा को नुकसान पहुंचा रहा है। शहर में संचालित 100 से अधिक राइस मिलों की चिमनियों से निकलने वाली जहरीली गैस लोगों की सेहत पर बुरा असर डाल रही है। शहर में वायु प्रदूषण का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है।

### मास्क का करें उपयोग

सीएमएचओ डॉ. एसके मंडल ने बताया कि वायु प्रदूषण से दमा, श्वास और चर्मरोग होने की संभावना अधिक रहती है। धूल के कण से बाल झड़ने की समस्या होती है। वाहनों की आवाजाही से उड़ती धूल और इंजन का काला धुआं श्वास के माध्यम से शरीर में प्रवेश करता है जो फेफड़ों को नुकसान पहुंचाता है। स्किन इंफेक्शन, एलर्जी, श्वसन संबंधी बीमारियों को न्योता देता है। घर से बाहर निकलने पर चेहरे को कपड़े से पूरी तरह ढंके। मास्क का उपयोग करें।

## समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही मोदी सरकार : इंदर



- सेमरा (डी) पहुंची हमारा संकल्प विकसित भारत यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

हमारा संकल्प विकसित भारत यात्रा धमतरी के ग्राम सेमरा (डी) के बाजार चौक में पहुंची। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा थे। अध्यक्षता बालाराम साहू ने की। विशेष अतिथि चिरौंजी लाल साहू, दिग्विजय सिंह ध्रुव थे। इस अवसर पर श्री चोपड़ा ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक मोदी सरकार पहुंच रही है। उसे अपनी योजनाओं से जोड़ रही है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा सिर्फ सरकार की नहीं बल्कि देश की यात्रा बन चुकी है। यहां जिन लाभुकों को योजनाओं का लाभ नहीं मिला है, उनको इस कार्यक्रम के माध्यम से लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों के लिए काम कर रहे हैं।

कोरोनाकाल से लेकर अब तक गरीबों को प्रत्येक महीना पांच किलो अनाज मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के गरीबों को मुफ्त में अनाज दे रहे हैं। उन्होंने आयुष्मान कार्ड की जानकारी देते हुए इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। बताया कि आयुष्मान योजना से पांच लाख रुपए का इलाज करा सकते हैं। हमारा संकल्प विकसित भारत के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के लिए क्विज प्रश्नोत्तरी रखी गई। इस दौरान कमल नारायण ध्रुव, साकेत साहू, कमलेश सोनबेर, चोवालाल नेताम, मूलचंद साहू, सोहनलाल साहू, माखनलाल साहू, देवेंद्र साहू, थानुराम साहू, विभागों के अधिकारी-कर्मचारी समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## क्लब सदस्यों ने इनरव्हील डे सेलिब्रेट किया



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

इनरव्हील सदस्यों ने डॉ. आराधना गुप्ता के फार्म हाउस में इनर व्हील डे मनाया। मुख्य अतिथि पीडीसी जागृति दोशी थी। सदस्यों के इंजॉय के लिए गेम हौजी खिलाया गया। सभी पास्ट प्रेसीडेंट का गिफ्ट और स्कार्फ देकर सम्मान किया गया। इस प्रोग्राम में इनर व्हील क्वीन का खिताब मनीषा शाह और हेमल दोशी को मिला। अध्यक्ष श्रीमती पायल गोयल और सचिव पूनम मित्तल के साथ सभी पूर्व प्रेसिडेंट द्वारा हैप्पी इनर व्हील डे का केक काटकर सेलिब्रेट किया गया।

## 21 को प्राचीन राम मंदिर से निकलेगी शोभायात्रा

- 22 को सुबह मंदिर में होगी विशेष पूजा-अर्चना, शाम को दीप उत्सव व आरती
- भगवान राम के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को भव्यता देने ट्रस्टियों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

22 जनवरी को प्रभु श्रीराम के बाल रूप को अयोध्या में बन रहे नवीन भूतल के गर्भगृह में विराजित कर उनकी प्राण-प्रतिष्ठा की जायेगी।

इसी तारतम्य में किले के प्राचीन श्री रामचंद्र मंदिर इतवारी बाजार के ट्रस्टियों की बैठक कोषाध्यक्ष अशोक पवार के निवास स्थान में हुई। बैठक में वरिष्ठ संरक्षक जानकी प्रसाद शर्मा, डा एनपी गुप्ता अध्यक्ष, दिग्विजय कृदत उपाध्यक्ष, सुदर्शन गुप्ता महासचिव, सूरज तिवारी,



सहसचिव विनीत गुप्ता, मीडिया प्रभारी ट्रस्टी विक्रांत शर्मा, राजेंद्र श्रोती, भूरा ग्वाल, प्रदीप गुप्ता, नितिन गुप्ता, अभिमन्यु सिन्हा, संतोष सोनी उपस्थित थे।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 21 जनवरी को शाम 4 बजे से पुराना बस स्टैंड हनुमान मंदिर से शोभायात्रा निकाली जायेगी जो किले के श्री रामचंद्र मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद संपन्न होगी। दूसरे दिन 22 जनवरी को प्रातः काल से मंदिर में पूजा -अर्चना पूर्ण विधि-विधान से प्रारंभ होगी तत्पश्चात 11 बजे से 1 बजे तक भजन कीर्तन एवं महापौर निधि द्वारा सामुदायिक भवन का उद्घाटन महापौर विजय देवांगन एवं ट्रस्टियों द्वारा किया जायेगा। संध्या को दीप उत्सव, आरती व प्रसादी वितरण होगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ट्रस्टी विक्रांत शर्मा ने दी है।

## 69 कमार जनजातियों की जांची गई सेहत

**धमतरी।** प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के लोगों को शासन की सभी योजनाओं का लाभ दिलाया जाना है। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा हाट-बाजार की गाड़ियों का एमएमयू कर लिया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसके मण्डल ने बताया कि स्वास्थ्य अमला द्वारा जिले के 16 ऐसे स्वास्थ्य केन्द्र, जिनकी दूरी कमार जनजाति बसाहटों से 7 किलोमीटर पर है, वहां चलित वाहनों के जरिये स्वास्थ्य जांच और



उपचार किया जा रहा है। इसके तहत स्वास्थ्य परीक्षण उपकरण, उपचार व्यवस्था सहित इन बसाहटों में स्वास्थ्य सुविधायें निःशुल्क दी जायेंगी। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 69 कमार जनजातियों का बीपी, सिकलसेल, शुगर, एनीमिया, टीबी की जांच की गई है। इनमें 19 पुरूष एवं 50 महिलायें हैं।

## सिंधौरीखुर्द के ग्रामीणों ने नशामुक्त गांव बनाने का लिया संकल्प



- मानव जीवन हमें अच्छे कर्म करने के लिए मिला : कृष्ण कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

कुरुद विकासखण्ड के ग्राम सिंधौरी खुर्द में चार दिवसीय पांच कुण्डीय यज्ञ का पुर्णाहुति दी गई।

कथावाचक आचार्य कृष्ण कुमार ने अपने संदेश में कहा कि बहुमूल्य मानव जीवन हमें अच्छे कर्म करने के लिए मिला है। मानव जीवन दोबारा प्राप्त नहीं होता। इसलिए पुण्य, परमार्थ, दीन दुखियों की सेवा में अपना जीवन लगाना चाहिए।

इस अवसर पर जिला समन्वयक दिलीप नाग ने शांतिकुंज हरिद्वार के नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ग्रामवासियों को नशे से होने वाली गंभीर बीमारियों की जानकारी देकर स्वयं नशा छोड़ने एवं अन्य लोगों को नशा नहीं करने हेतु प्रेरित करने निवेदन किया गया। लगभग 1000 ग्रामवासियों ने अपने गांव को नशामुक्त गांव बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में दीक्षा संस्कार 10, पुंसवन संस्कार 6, विद्यारंभ 20, मुण्डन संस्कार 9 एवं अन्न प्राशन 1 कराया गया। आभार प्रदर्शन चेतन साहू वरिष्ठ परिजन एवं सहायक प्रबंध ट्रस्टी ने किया।

कार्यक्रम में प्रहलाद साहू,रोमन लाल साहू, धन्नू साहू, परस राम साहू, किसन राम साहू, सरपंच देवनारायण साहू, चुन्नी बाई साहू, त्रिवेणी साहू, रेखा साहू, प्रेमलता साहू, सरिता साहू, डॉ रामचंद्र मेश्राम, पुरुषोत्तम निर्मलकर, उपजोन प्रतिनिधि सूरज लांबा, साधना देवांगन प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी कुरुद, श्रीमती तारिणी चंद्राकर, सोहद्रा तारक, ओमकुमारी कंवर, मिलंतीन साहू, नन्दकुमार साहू, मिलन ध्रुव, प्रदीप साहू का सहयोग रहा।

## रविशंकर शुक्ल विवि की टीम ने कंडेल कॉलेज का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

शिक्षण सत्र 2023-24 में कंडेल कॉलेज की कक्षा बीएससी भाग तीन विज्ञान एवं गणित समूह, बीए भाग तीन एवं बीकॉम भाग 3 की संबद्धता के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की निरीक्षण टीम पहुंची।

निरीक्षण टीम में समन्वयक डॉक्टर एमके देब प्राध्यापक रसायन शास्त्र अध्ययनशाला पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, डॉ एसके भट्ट प्राध्यापक शासकीय नागार्जुन विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर, डॉ बीएल सोनेकर अर्थशास्त्र अध्ययनशाला पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, डॉ देवेंद्र कुमार वर्मा प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय खरोरा रायपुर शामिल थे। निरीक्षण टीम ने शासकीय महाविद्यालय कंडेल में प्राचार्य रविशदास द्वारा दिखाए गए आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण किया। लाइब्रेरी एवं प्रायोगिक सामग्रियों की जांच कर महाविद्यालय के कार्यों के प्रशंसा की। निरीक्षण के बाद अध्ययन दल ने कंडेल नहर सत्याग्रह से जुड़े स्थान का भ्रमण किया।

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को नमन किया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव के परपौत्र यतीश भूषण श्रीवास्तव से चर्चा की। मौके पर सहायक प्राध्यापक पीतांबर सिन्हा, नारायण सिन्हा, संजय पवार, नूतन दीवान, कमलेश दीवान, लक्ष्मण सेन, अतिथि व्याख्याता डॉ ऋचा शुक्ला, डॉ संगीता गोयल, मानु नारायण, वसंत झरना एवं शशिप्रभा उपस्थित थे।

## किसान क्रेडिट कार्ड के लिए शिविर आज से

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देशानुसार जिले में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति के किसानों को शासन की महती योजनाओं से जोड़ने एवं लाभान्वित करने के उद्देश्य से कमार जनजाति वर्ग के किसानों के बसाहटों के समीप किसान क्रेडिट कार्ड बनाने एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लिये 12 से 14 जनवरी तक शिविर आयोजित किया जा रहा है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नगरी ने बताया कि शिविर में अधिकारी, कर्मचारियों के दल द्वारा पीवीटीजी कृषकों का किसान क्रेडिट कार्ड, नवीन आधार कार्ड, बैंक खाता खोलना, बैंक खाता में



आधार लिंक किया जायेगा। शिविर में मुख्य रूप से लीड बैंक, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, पशुधन विकास, सहकारिता विभाग और लोक सेवा केन्द्र के अधिकारी, कर्मचारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 जनवरी को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक नगरी के ग्राम कल्लेमेटा में शिविर आयोजित किया जायेगा, जिसमें ग्राम डोंगरडुला, राजपुर, कल्लेमेटा और बिलभदर के हितग्राही शामिल होंगे। इसी दिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक फरसियां में शिविर आयोजित किया जायेगा, जहां ग्राम घोरागांव, भैंसामुड़ा, मटियाबाहरा और धौराभाठा के ग्रामीण पहुंचेंगे। 13 जनवरी को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक ग्राम आमगांव में आयोजित शिविर में ग्राम भुरसीडोंगरी, जैतपुरी, आमगांव के कमार आदिवासी पहुंचेंगे और दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक उमरगांव में लगने वाले शिविर में नवागांव सा. तथा उमरगांव के ग्रामीण शामिल होंगे। 14 जनवरी को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक ग्राम कसपुर में शिविर लगाया जायेगा, जहां ग्राम कसपुर, बरबांधा और घुरावड़ के ग्रामीण सम्मिलित होंगे। इसी दिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक ग्राम फरसियां में शिविर लगेगा, जहां ग्राम जबर्रा, खरखा और फरसियां के ग्रामीण शामिल होंगे।

## प्रशिक्षक चयन के लिए वॉक इन इंटरव्यू 13 को

**धमतरी।** खेलो इंडिया योजनान्तर्गत धमतरी जिले में कुश्ती खेल का खेल इडिया लघु केन्द्र शुरू किया गया है। खेल अधिकारी ने बताया कि इसके लिये अस्थायी रूप से एक कुश्ती प्रशिक्षक की जरूरत है, जिन्हें शासन के निर्देशानुसार एकमुश्त मासिक मानदेय 25 हजार रूपये, अधिकतम तीन लाख रूपये वार्षिक प्रदान किया जायेगा। योग्य प्रशिक्षक की नियुक्ति के लिये वॉक इन इंटरव्यू 13 फरवरी को सुबह 11 से शाम 5 बजे तक कार्यालय, खेल एवं युवा कल्याण, रूद्री में आयोजित किया जायेगा। आवेदन का प्रारूप वेबसाईट धमतरी डाट जीओवी डाट इन में उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड कर इच्छुक अभ्यर्थी 29 जनवरी तक कार्यालयीन समय में आवेदन रजिस्टर्ड डाक से अथवा सीधे जमा कर सकते हैं।







